## शूटिंग हो गई शुरू लेकिन इम्तियाज अली तय नहीं कर पा रहे फिल्म का नाम!!



**नई दिल्ली:** इम्तियाज अली इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग में देश के कई हिस्सों में घूम रहे हैं, इम्तियाज की इस फिल्म में शाहरुख खान और अनुष्का शर्मा एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं, लेकिन इतनी शूटिंग के बाद भी अब भी इम्तियाज अपनी फिल्म के नाम को लेकर थोड़े कंफ्यूज नजर आ रहे हैं, इस फिल्म को लेकर इम्तियाज अली का कहना है कि फिल्म का नाम अभी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है, जल्द ही इस बारे में फैसला ले लिया जाएगा, न्यूज एजेंसी आई एन एस की रिपोर्ट के अनुसार इम्तियाज ने ऋचा चड्ढा निर्मित फिल्म खून आली चिट्ठी की स्क्रीनिंग के दौरान कहा फिल्म का नाम तय करना बाकी है, हमारे पास कुछ समय है, 11 अगस्त को फिल्म रिलीज होने जा रही है, इसलिए हम जल्द ही नाम की घोषणा करेंगे, बता दें इम्तियाज अली की इस फिल्म के लिए शाहरुख और अनुष्का पंजाब के कई इलाकों में शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। इम्तियाज ने अक्षय की फिल्म से अपनी फिल्म के टकराने को भी काफी सहज अंदाज में लिया है, बता दें कि इम्तियाज अली की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की टायलेट एक प्रेम कथा से टकराने वाली है, इम्तियाज ने आईएएनएस से इस बारे में कहा कि साल में महज 52 हफ्ते होते हैं और 52 से ज्यादा फिल्में बनती हैं, इसलिए बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों का टकराना कोई बड़ी बात नहीं है, फिल्म तमाशा के निर्देशक ने लघु फिल्मों पर भी अपनी राय रखी, उन्होंने बताया कि उन्हें लघु फिल्मों में दिलचस्पी है, उन्होंने इस प्रकार की दो फिल्में बनाई है और वह अधिक फिल्में बनाना चाहते हैं, इसमें अलग कहानी को दिखाना वह दिलचस्प मानते हैं, फिल्मकार ने कहा कि लघु फिल्म और फीचर फिल्म, दोनों का अलग प्रभाव है, लघु फिल्में अचार की तरह होती हैं, एक समय यह बेहद प्रभावी होती हैं, लेकिन आप इन्हें लंबे समय तक नहीं खा सकते। इसके लिए सब्जियों की जरूरत पड़ती है, जो कि लंबी अवधि वाली फिल्में हैं, फिल्मकार का मानना है कि दोनों प्रकार की फिल्में जरूरी हैं।

## पापा शाहिद ने बेटी मीशा के साथकी पूल मस्ती



शाहिद कपूर इस गर्मी के मौसम में अपनी बेटी के साथ काफी इंजॉय कर रहे हैं, शाहिद ने बेटी मीशा के साथ पूल में मस्ती करने का एक बेहद क्यूट फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है, शाहिद ने इस फोटो के साथ लिखा - पूल टाइम विद मिस्सी, फोटो में शाहिद अपनी बेटी को गोद में पकड़े हुए हैं, हालांकि इस फोटो में मीरा नजर नहीं आ रही हैं, हाल ही में शाहिद, उनकी पत्नी मीरा और बेटी मिशा की एयरपोर्ट की फोटो काफी वायरल हुई थीं, अक्सर शाहिद फोटोग्राफर्स से अपनी बेटी को बचाकर रखते हैं और उसके फोटो खींचने नहीं देते, लेकिन एयरपोर्ट पर शाहिद ने ऐसा नहीं किया और मीशा का चेहरा भी सब को दिखाई दिया, यहां देखें अपनी बेटी के साथ कैसे शाहिद मस्ती भरे मूड में नजर आए। शाहिद और मीरा की जोड़ी अक्सर अपनी बेटी के साथ देखी जाती है, हाल ही में मीरा राजपूत के एक बायान ने काफी विवाद खड़ा कर दिया था, महिला दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में मीरा ने कहा था, मैं मीशा के साथ एक घंटा बिता कर बाकी का समय कोई दूसरा काम नहीं कर सकती, मैंने उसे पैदा ही क्यों किया है, वह कोई पप्पी नहीं है, मीरा के इस बयान के बाद उन्हें काफी आलेचना झेलनी पड़ी थी। ऐसे में शाहिद ने अपनी पत्नी को डिफेंड करते हुए कहा मुझे लगता है मीरा ने महिलाओं के उस तबके की बात की जिनका पक्ष लोगों के सामने नहीं रखा जाता, कई बार ऐसा होता है जब यह वर्ग सोचता है कि उनके होने के कोई मायने नहीं है, इससे मेरा मतलब है कि वह महिलाएं जो काम नहीं करती और जो घर में रहने का विकल्प चुनती हैं, बच्चा पैदा करती हैं और इस बच्चे की देखभाल को ही अपने जीवन का एक अहम काम मानती हैं।

## शुभ मंगल सावधान: आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर दे रहे चेतावनी



आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर की आगामी फिल्म शुभ मंगल सावधान का पहला पोस्टर जारी हो चुका है, फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को पोस्टर जारी किया जिसमें भूमि और आयुष्मान किसी ऐतिहासिक इमारत में नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए भूमि ने लिखा मंगल जीवन में शुभ प्रवेश इसके आगे उन्होंने लिखा सावधान! हम प्यार के लिए खड़े हैं वहीं आयुष्मान ने भी पोस्टर के साथ इसी तरह की बात लिखी, यह दोनों कलाकारों की साथ में दूसरी फिल्म है, इससे पहले दोनों क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्म दम लगा के हईशा में साथ काम कर चुके हैं। शुभ मंगल सावधान साल 2013 में आई तमिल फिल्म कल्याण समायल साधम का हिंदी रीमेक है और इसके निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मकार आर एस प्रसन्ना कर रहे हैं।

## प्रियंका चोपड़ा की मां हैं उनकी बेस्ट पार्टनर



**नइादल्ला:** प्रियका चोपड़ा का कहना है कि उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत छोटी और क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों से की, क्योंकि उन्हें लगा कि कुछ फिल्मों और कहानियों को उनकी जरूरत है, प्रियंका ने मंगलवार रात अपने घरेलू बैनर पर्पल पेबल पिक्चर्स के तले बनी मराठी फिल्म टिलेटर को तीन श्रेणियों में पुरस्कार मिलने की खुशी का जश्न मनाया। न्यूज एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार इस मौके पर प्रियंका ने कहा, बड़ी हस्तियां हिंदी फिल्में बनाती हैं, मैं एक छोटी फिल्म निर्माता हूं , मुझे लगा कि कुछ ऐसा फिल्में और कहानियां है जिन्हें मेरी सहायता और समर्थन की जरूरत है। प्रियंका ने इस सफलता का जश्न फिल्म के कलाकारों और यूनिट के सदस्यों के साथ मनाया, जिनमें आशुतोष गोवारिकर, फिल्म के निर्देशक राजेश मापुसकर आदि शामिल हुए, मीडिया के साथ बातचीत करने के दौरान उन्होंने बताया कि वह हमेशा बेहतरीन कहानियों वाली फिल्में बनाना चाहती हैं, फिल्म व्हेंटिलेटर ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, राजेश मापुसकर, सर्वश्रेष्ठ संपादन, रामेश्वर भगत और सर्वश्रेष्ठ ध्वनि मिश्रण आलोक डे श्रेणियों में पुरस्कार जीता है। इस मौके पर प्रियंका ने फिल्म की पूरी टीम का आभार जताया है और बेहतरीन सहयोगी बनने के लिए अपनी मां मधु की तारीफ की है, प्रियंका पिछले लंबे समय से अमेरिकी टीवी शो क्वांटिको की शूटिंग के लिए न्यूयॉर्क में थीं और वह हाल ही में भारत लौटी हैं, भारत आते ही प्रियंका ने अपने बॉलीवुड के दोस्तों के साथ भी पार्टी की है, सोमवार को बॉलीवुड दोस्तों के साथ की पार्टी के बाद प्रियंका ने मंगलवार रात को व्हेंटिलेटर की टीम के साथ पार्टी की है। प्रियंका ने अपनी मां के साथ एक तस्वीर शेयर की और लिखा, मेरी पर्पल पेबल पिक्चर्स टीम और उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने व्हेंटिलेटर और मेरे जुनूनी प्रयासों में योगदान दिया आज रात मजबूत बनकर उभरने के लिए आप सबका धन्यवाद, हम हंसे हम रोएं और हमने बस खुशी मनाई मेरी बेहतरीन और असाधारण टीम, जिसके बिना कुछ भी संभव नहीं होता और मेरी साहसी मां मधु चोपड़ा आप बेहतरीन सहयोगी हैं, ईश्वर की कृपा है।

## भूमि की शूटिंग पूरी कर इमोशनल हुए संजय



**नई दिल्ली:** अभिनेता संजय दत्त अपनी फिल्म भूमि की शूटिंग पूरी करने के बाद भावुक हो गए, इस फिल्म से संजय दत्त जेल से लौटने के बाद एक बार फिर फिल्मों में वापसी कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि शूटिंग करने का अनुभव शानदार रहा। न्यूज एजेंसी आईएनएस के अनुसार संजय दत्त ने मीडिया से बात करते हुए, पहले दिन से ही काम करने का अनुभव शानदार रहा, यह मेरे लिए भावनात्मक दिन है, क्योंकि हम बेहतरीन सफर का अंत कर रहे हैं, मैं अब जल्द ही फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं , भूमि प्रतिशोध पर आधारित एक भावनात्मक फिल्म है, इसमें बाप-बेटी के रिश्ते को दिखाया गया है, संजय पिछले कुछ समय तक इस फिल्म की शूटिंग के लिए आगरा और मध्यप्रदेश के चंबल में थे, इस फिल्म में अदिति राव हैदरी, संजय दत्त की बेटी के किरदार में नजर आने वाली हैं। संजय दत्त के अलावा इस फिल्म में शेखर सुमन भी काफी लंबे समय बाद नजर आने वाले हैं, फिल्म के निर्माताओं भूषण कुमार और संदीप सिंह ने कहा कि फिल्म को लेकर जिस तरह से सब कुछ सही हो रहा है, उससे वे बेहद खुश हैं, संदीप ने कहा कि संजय काफी ऊर्जावान हैं, वह पहले दिन से ही बिना थके काम करते रहे, फिल्म की शूटिंग के दौरान पेश आई समस्याओं को परे रख वह शूटिंग करते रहे, वह पूरी टीम के लिए प्रेरणास्रोत हैं, इस फिल्म की शूटिंग के दौरान संजय दत्त घायल भी हो चुके हैं। भूषण कुमार ने संजय को काम के प्रति समर्पित बताया, वहीं इस फिल्म के डायरेक्टर उमंग कुमार ने भी संजय की काफी तारीफ की। पुणे की यरवदा जेल से रिहा होने के बाद इस फिल्म को संजय की वापसी के तौर पर देखा जा रहा है, संजय इससे पहले एक छोटे किरदार में फिल्म पीके 2014 में भी नजर आ चुके हैं, फिल्म भूमि 22 सितंबर को रिलीज होगी।

## ट्विटर पर झगड़े के बाद सोनाक्षी सिन्हा ने सोना महापात्रा को किया ब्लॉक



रॉकस्टार जस्टिन बीबर के मंच पर परफॉर्म करने को लेकर सोनाक्षी सिन्हा का कई सिंगर विरोध कर रहे हैं, हालांकि इस विरोध के बाद सोनाक्षी ने एक दिन पहले ही इस शो में परफॉर्म न करने की बात कही है, लेकिन लगता है यह विवाद इतनी जल्दी सोनाक्षी का पीछा छोड़ने वाला नहीं है। सोनाक्षी और गायिका सोना महापात्रा के बीच ट्विटर पर हुई बहस के बाद सोनाक्षी सिन्हा ने उन्हें अपने ट्विटर पर ब्लॉक कर दिया है, ऐसे में सोना महापात्रा ने सोनाक्षी द्वारा खुद को ब्लॉक किए जाने के पोस्ट का एक स्क्रीनशॉट लेकर ट्विटर पर अपलोड किया है, सोना महापात्रा अक्सर अपने विचारों को बेबाकी से रखने के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने सोनाक्षी के वॉल का स्क्रीनशॉट पोस्ट करने के साथ ही कैप्शन दिया है। हा हा हा ऐसा नहीं है कि मैंने कभी भी इस प्रतिभा और बुद्धिमता को फॉलो किया था। पॉपुलर पॉप स्टार जस्टिन बीबर अपने प्रसिद्ध पर्पज वर्ल्ड टूर के तहत 10 मई को भारत में परफॉर्म करने वाले हैं।

## 10 मौके जब जाह्नवी कपूर ने सेट किए फैशन ट्रेंड



श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर बॉलीवुड में कदम रखने की तैयारी कर रही हैं और वह फिल्मी पार्टियों में अक्सर नजर आती हैं, वह अक्सर एयरपोर्ट पर अपनी मां श्रीदेवी या बहन खुशी के साथ दिख जाती हैं। हाल ही में जाह्नवी को मुंबई में मनीष मल्होत्रा के स्टोर के बाहर देखा गया, वह समर हीट को बीट करने के अंदाज में नजर आई, श्रीदेवी की बेटी होने के अलावा अब जाह्नवी फैशन ट्रेंड सेटर के रूप में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं। इस साल फरवरी में अपने कजिन अक्षय मरवाह की शादी में जाह्नवी ने मनीष मल्होत्रा की डिजाइनर ड्रेस पहनी थी।

## तन्मय भट ने सचिन तेंदुलकर के लिए लिखा भावुक संदेश आपके लिए दूसरी बार रोया



**नई दिल्ली :** स्टैंडअप कॉमेडियन तन्मय भट द्वारा स्नैपचैट पर बनाया गया सचिन तेंदुलकर और लता मंगेशकर का वीडियो कोई नहीं भूल सकता, इस वीडियो के बाद तन्मय भट को सितारों से लेकर आम फैन्स तक सबकी आलोचना का सामना करना पड़ा था, इस वीडियो के बाद तन्मय भट सचिन से जुड़े जोक सुनाने से बचने लगे थे, इन दिनों हॉटस्टार पर प्रसारित हो रहे ऑन एयर विद एआईबी में भी मास्टर ब्लास्टर से जुड़े चुटकुलों के बाद तन्मय सफाई देते नजर आते हैं कि यह उन्होंने नहीं कहा इसमें उनका हाथ नहीं है, सचिन के 44वें जन्मदिन पर तन्मय ने फेसबुक पर उनके लिए एक भावुक संदेश पोस्ट किया है, इस पोस्ट में तन्मय ने लिखा है कि वह बचपन से सचिन के फैन हैं और उन्हें इस बात का दुख है सचिन उन्हें सिर्फ उस एक जोक की वजह से जानते हैं, उन्होंने यह भी लिखा कि एक दिन वह अपने जोक से सचिन को जरूर हंसाएंगे। तन्मय ने लिखा प्रिय सचिन जब वह विवाद चल रहा था तब मेरे पिता ने मुझे एक बात बताई जिससे मैं काफी दुखी हो गया था, उन्होंने बताया कि बचपन में मैं ज्यादा रोता नहीं था, लेकिन एक दिन जब वह मुझे आपका मैच दिखाने ले जाने वाले थे उस दिन वह लेट हो गए थे, मैं वानखेड़े स्टेडियम पहुंचते तक रोता रहा, मेरे बचपन के लिए शुक्रिया, मेरी प्रेरणा बनने के लिए शुक्रिया, मुझे रुलाने के लिए शुक्रिया, मेरे बचपन से जुड़ी मेरे पिता की उस याद के लिए शुक्रिया और चुटकुलों से इतर मैं हमेशा आपसे प्यार करूंगा। मास्टर ब्लास्टर के लिए अपनी भावनाएं जाहिर करते हुए तन्मय ने आगे लिखा उस कॉन्ट्रोवर्सी की सबसे बुरी बात यह नहीं थी कि एमएनएस ने मुझे मारने की धमकी दी थी, बल्कि यह थी कि आप मुझे सिर्फ उस बेवकूफी भरे जोक के लिए जानेंगे, और मैं चाहे जो कर लूं उस पहले इम्प्रेशन को बदल नहीं सकता, ऐसा जोक जो मैंने कभी नहीं सोचा था कि आप देखेंगे, टीवी पर आपने वह न्यूज देखी होगी इसकी कल्पना ही मुझे एम्बैरेस करती है। जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा दुखी किया वह यह है कि शायद मैं आपसे कभी नहीं मिल पाउंगा, उस दिन एक सपना मर गयाण् दूसरी बार आपके लिए मैं रोया। उन्होंने आगे लिखा दुखद यह है कि जो हो गया वह हो गया, एक नाम जिसे सुनकर पहले मैं मुस्कुराता था अब उसे सुनकर मुझे खुद पर शर्म आती है, एक नाम जिसे में क्रिकेट देखते वक्त हमेशा चिल्लाता था, चाहे आप खेल रहे हों या नहीं, अब उस नाम से लोग मुझे चिढ़ाते हैं, शायद एक दिन मैं कुछ ऐसा करूं कि आप मेरे बारे में दोबारा सुनेंगे, उम्मीद है कि कुछ सकारात्मक और हो सकता है एक दिन मैं आपको हंसाउंगा एक दिन। इसके बाद तन्मय ने सचिन तेंदुलकर को सुझाव भी दिया कि उन्हें पॉर्लियामेंट में अक्सर जाना चाहिए, उन्हें वहां देख देश के करोड़ों लोग खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे, तन्मय ने यह भी लिखा कि वह उनके बारे में जोक्स बनाते रहेंगे क्योंकि जिनसे आप प्यार करतें हैं उनका मजाक उड़ा सकते हैं।

## हॉं, एशा देओल प्रेग्नेंट हैं, मां हेमा मालिनी ने ट्वीट पर दी जानकारी



**नई दिल्ली :** एशा देओल प्रेग्नेंट हैं और अपनी शादी के पांच साल बाद अब अपना पहला बच्चे का इंतजार कर रही हैं, बेटी की इस खुशी पर मां हेमा मालिनी ने ट्विटर पर यह जानकारी साझा की और बधाई देने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। नानी बनने की इस खुशी पर हेमा मालिनी काफी खुश हैं, एशा देओल एक्ट्रेस और पॉलीटिशन हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बेटी हैं और उन्होंने 5 साल पहले भरत तख्तानी से शादी की थी, हेमा ने ट्वीट करते हुए लिखा है, देओल और तख्तानी परिवार यह घोषणा करने को लेकर उत्साहित हैं कि एशा देओल और भरत तख्तानी पहले बच्चे का इंतजार कर रहे हैं, ऐशा देओल और भरत तख्तानी की शादी 5 साल पहले हुई थी, ऐशा के 34वें जन्मदिन पर हेमा मालिनी ने कहा था कि वह उम्मीद कर रही हैं कि अब एशा अपना परिवार बढ़ाए, उन्होंने पीटीआई को बताया था, मेरी एशा के लिए एक ही उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द अपना परिवार बढ़ाए एक मां के तौर पर मेरी यही इच्छा है।

## बोले किकू शारदा हर चुटकुले पर नजर नहीं रख सकते



द कपिल शर्मा शो पर लगे चुटकुले चोरी करने के आरोप पर कॉमेडियन किकू शारदा का कहना है कि हर जोक पर नजर नहीं रखी जा सकती, कपिल शर्मा ने हाल ही में सोनी चैनल पर अपने 100 एपिसोड पूरे होने का जश्न मनाया और इसी एपिसोड में इस शो के साथ एक और विवाद जुड़ गया। स्टैंडअप कॉमेडियन अभिजीत गांगुली ने इस शो पर उनके चुटकुले चुराने का आरोप लगाया है, इसपर किकू शारदा ने ऐसी सभी आरोपों को बेकार बताते हुए टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, कि हम एक बहुत बड़ी टीम हैं और हर एपिसोड से पहले बहुत सारी तैयारियां की जाती हैं, किसी ने इसी बीच यह चुटकुला सुनाया था और हमने इसे स्क्रिप्ट में शामिल कर लिया, यह भी संभव है कि ऐसा ही आइडिया हमारे भी राइटर को आ जाता या वो इसे कहीं और भी सुन सकते थे, ऐसा नहीं है कि हम प्रचलित वॉट्स एप मैसेज या चुटकुले नहीं चुनते हैं, हम हर समय यह नजर नहीं रख सकते कि कौन सा चुटकुला किसने सुनाया है और किसका है। बता दें कि स्टैंडप कॉमेडियन अभिजीत गांगुली ने आरोप लगाया है कि किकू शारदा ने उनकी स्क्रिप्ट का एक जोक अपने एक्ट में शामिल किया है, अभिजीत ने ऐसे में एक लंबे फेसबुक पोस्ट के माध्यम से द कपिल शर्मा शो के लेखकों पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगाया है, अभिजीत का कहना है कि वह क्रिकेटरों से जुड़ा वह जोक पिछले तीन सालों से अपने शो में इस्तेमाल कर रहे हैं और हाल ही में इसी जोक का एक वीडियो 2 हफ्ते पहले ही सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। अभिजीत गांगुली ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा नहीं कपिल शर्मा साहित्यिक चोरी ठीक नहीं है, यह करना सही नहीं है, किसी व्यक्ति के चुटकुले चुराकर उसे नेशनल टीवी पर दिखाना सही नहीं हैं क्योंकि अब लोग सोचेंगे कि यह आपने लिखा है, क्योंकि अब जब भी मैं इसे परफॉर्म करुंगा, तो लोग सोचेंगे कि यह मैंने चुराया है। बता दें कि पिछले महीने ही कपिल शर्मा-सुनील ग्रोवर और अपनी टीम के अन्य सदस्यों से झगड़े के चलते विवादों में आ चुके हैं, इस झगड़े के बाद से ही सुनील ग्रोवर, अली असगर, सुगंधा मिश्रा और चंदन प्रभाकर यह शो छोड़ चुके हैं।

## कैटरीना कैफ ने फैन्स से पूछा पता दूंगी तो मिलने आओगे?



बॉलीवुड स्टार्स की एक झलक पाने के लिए उनके फैन्स घंटों उनके घरों के बाहर लाइन लगाते हैं, अमिताभ बच्चन तो सालों से हर रविवार को घर के बाहर आ अपने फैन्स का अभिवादन करते हैं, लेकिन शायद ही ऐसा मौका होता है जब कोई स्टार अपने फैन्स को घर आने का मौका दे, लेकिन अगर आप कैटरीना कैफ के फैन हैं तो आपके लिए खुश खबरी है। कैटरीना ने अपने फैन्स को फेसबुक के जरिए एक न्योता दिया है, अगर आप भी इस इनविटेशन के बारे में सुनेंगे तो दंग रह जाएंगे, कैटरीना ने न केवल अपने फैन्स को अपना नया एड्रेस बताने का वादा किया है, बल्कि उन्हें वहां आने के लिए भी पूछा है। अब आप समझ ही सकते हैं कि कैटरीना के इस बुलावे पर फैन्स के एक्साइटमेंट का क्या आलम होगा, इस एक लाइन के न्यौते पर अभी तक 20 लाख से ज्यादा लाइक्स् आ चुके हैं और हजारों लोग उनके इस पोस्ट पर कमेंट कर चुके हैं। कैटरीना ने अपने फेसबुक पर पोस्ट किया, जल्द ही अपने लिए एक नई जगह ले रही हूं, क्या आप मुझसे मिलने आएंगे अगर मैं आपके साथ अपना एड्रेस शेयर करूं तो अपने इस पोस्ट के साथ कैटरीना ने अपना एक फोटो भी शेयर किया है, कैटरीना जल्द ही फिल्म जग्गा जासूस में नजर आने वाली हैं, लगता है कैटरीना अपने लिए एक नया घर तलाश रही हैं, इससे पहले वह अपने कथित बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ उनके अपार्टमेंट में रह रही थीं, कैटरीना के इस न्यौते पर कई फैन्स ने कमेंट किए हैं, एक फैन ने लिखा मैं आपसे जल्द से जल्द मिलना चाहता हूं , तो वहीं एक दूसरे फैन ने लिखा आपसे मिलने के लिए मरा जा रहा हूं। डायरेक्टर अनुराग बासु की फिल्म जग्गा जासूस कैटरीना और रणबीर कपूर की साथ में तीसरी फिल्म है, इससे पहले वह अजब प्रेम की गजब कहानी और राजनीति में साथ नजर आ चुके हैं, वहीं हाल ही में वह ऑस्ट्रिया में सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर जिंदा है, की शूटिंग कर के वापस लौटी हैं, वह मैंने प्यार क्यूं किया, नमस्ते लंदन, न्यूयॉर्क, राजनीति, जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## भारत में रिलीज होगी लिपस्टिक अंडर माई बुर्का ए सर्टिफिकेट के साथ

प्रोड्यूसर प्रकाश झा की फिल्म लिपस्टिक अंडर माई बुर्का को आखिरकार भारत में दिखाने की इजाजत मिल गई है, यानी विदेशों के कई फिल्म फेस्टिवल्स में तारीफें बटोर रही इस फिल्म को अब भारत में भी देखा जा सकेगा, हालांकि फिल्म को ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज किया जाएगा और इसके कुछ सीन्स भी काटे जाएंगे।